<u>सन्देश</u>

पारसी नव वर्ष के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों विशेषकर अपने पारसी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में पारसी समुदाय का योगदान अतुलनीय है। उनकी जीवन पद्धति, कार्यशैली और संस्कृति के संरक्षण के प्रति उनकी अगाध निष्ठा को देखते हुए पारसी समुदाय के प्रति देशवासियों में सराहना की भावना है। पारसी समाज द्वारा मनाया जाने वाला यह वार्षिक उत्सव उनके लिए और हम सभी के लिए उल्लास और उमंग का अवसर है।

मेरी कामना है कि पारसी नव वर्ष का यह त्योहार सभी के जीवन में समरसता, समृद्धि और खुशहाली लाए और देशवासियों के बीच परस्पर सौहार्द एवं भाइचारे की भावना को और मजबूत करे।

****